महानगर
वर्ष-4, अंक-30, पृष्ठः 14
मूल्यः एक रुपये

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

RNI/NO/UPHIN49792/16/4/2021

सच की अहमियत

हर सवेरे नया जोश

कानपुर | शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024 | कानपुर, लखनऊ, उत्तराखंड से एक साथ प्रकाशित | सूचना प्रसारण मंत्रालय एवं भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड

# अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग की लगेगी प्रदर्शनी

पंकज अवस्थी, सच की अहमियत

**कानपुर।** सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का दो दिवसीय (24 से 25 अक्टूबर 2024) भव्य आयोजन किया जाएगा। कुलपति डॉक्टर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने 15 कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं एटिक के माध्यम से किसानों के खेतों तक नवीनतम कृषि तकनीकी पहुंचा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं, संगठनों एवं कृषि निवेश आपूर्तिकर्ताओं के साथ सहभागिता स्थापित कर कृषकों को नवीनतम तकनीकी दे रहा है। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय किसान मेले के माध्यम से कृषको एवं प्रसार कार्यकर्ताओं को कृषि शोध की नवीनतम तकनीकी, कृषि यंत्रों एवं पशु चिकित्सा विज्ञान की नवीनतम उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मेले में उत्पाद प्रदर्शित करने हेतु 120 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे। स्टालों पर कृषि विविधीकरण, कृषि निवेश, बीज उत्पादन, जैविक नियंत्रण, सागभाजी उत्पादन और कृषि अभियंत्रण, डेयरी प्रसंस्करण, बायोटेक्नोलॉजी, गृह विज्ञान, उर्वरक आदि से संबंधित जानकारी दी जाएगी मेले में श्री अन्न आधारित मूल्य संवर्धित विभिन्न उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। मेले के दौरान दोनों दिन कृषक गोष्ठी का आयोजन किसानों कृषि सम्बन्धी सामूहिक समस्याओं का निराकरण एवं विभिन्न विषयों पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान हेतु तकनीकी सत्र का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विगत वर्षों की भांति कृषक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेती में समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन,उत्पादन में गिरावट,मृदा स्वास्थ्य में कमी आदि है निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों के किसानों की सहभागिता होगी।



हिंदुस्तान 11/10/2024

प्रभाकर, अमीन संग्रह में कार्यरत उदित नारायण, कंप्यूटर ऑपरेटर चन्द्र भूषण तिवारी, संग्रह सेवक मोहम्मद अमजद, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित भदौरिया अनुपस्थित थे। इस पर एसडीएम ने सभी से जवाब तलब किया है। एसडीएम नवेल ने बताया कि सभी से जवाब मांगा है। सभी पर विभागीय कार्रवाई होगी।

**उपलब्धि** | यह प्रजाति आयरन, जिंक के साथ प्रोटीन से भरपूर है, डॉ. विजय यादव व डॉ. सोमवीर की देखरेख में पूरी टीम ने रिसर्च कर 2024 में के-1910 प्रजाति विकसित की

# आठ साल की रिसर्च, 12 शहरों में टेस्ट.. तब बना करिश्माई गेहूं

हि खास

■ अभिषेक सिंह

■ मेरठ, लखनऊ, वाराणसी, झांसी के खेतों में हुआ सफल ट्रायल

■ वैज्ञानिक डॉ. विजय यादव व डॉ. सोमवीर की टीम को मिली सफलता

कानपुर। आठ साल की रिसर्च और 12 शहरों में टेस्टिंग के बाद कानपुर के वैज्ञानिकों ने गेहूं की सबसे पौष्टिक प्रजाति विकसित की है। यह प्रजाति आयरन, जिंक के साथ प्रोटीन से भरपूर है, जिसका उत्पादन पूरे प्रदेशभर में किया जा सकता है। इस गेहूं के नियमित सेवन से प्रदेश को कुपोषण की जंग जीतने में भी मदद मिलेगी। प्रदेश सरकार ने इस बीज के उत्पादन की संस्तुति प्रदान कर दी है। अगले साल से इस प्रजाति के बीज किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। वैज्ञानिकों ने इस विशेष प्रजाति का नाम के-1910 रखा है।

**डॉ. सोमवीर ने शुरू की रिसर्च, डॉ. विजय यादव ने दिया मुकाम :** पौष्टिकता व अधिक उत्पादन को लेकर विवि के वैज्ञानिक डॉ. सोमवीर ने गेहूं की नई प्रजाति विकसित करने के लिए रिसर्च शुरू की। वर्ष 2016 में शुरू हुई रिसर्च को डॉ. विजय यादव व डॉ. सोमवीर ने आगे बढ़ाया।



फसल को दिखाते सीएसए के वैज्ञानिक ।

> डॉ. विजय यादव व डॉ. सोमवीर की टीम ने गेहूं की पौष्टिकता वाली नई प्रजाति विकसित की है। जो प्रदेशभर में कुपोषण के खिलाफ मददगार साबित होगी। के-1910 प्रजाति अधिक उत्पादन के साथ रोगमुक्त है। इसकी पैदावार प्रदेशभर में की जा सकती है।
>
> -डॉ. आनंद कुमार सिंह, कुलपति-सीएसए विवि

## 10 केंद्रों में टेस्टिंग

डॉ. विजय यादव ने बताया कि के-1910 प्रजाति की दस केंद्रों में टेस्टिंग की गई। इटावा, आजमगढ़, मथुरा, अलीगढ़, हरदोई, वाराणसी, बाराबंकी, झांसी, बरेली और मेरठ के खेतों में इस प्रजाति का ट्रायल सफल रहा। न सिर्फ उत्पादन अच्छा रहा बल्कि यह प्रजाति प्रोटीन, आयरन व जिंक से भरपूर मिली। इसके बाद इस प्रजाति का एक साल तक कानपुर में और तीन साल तक लखनऊ में ट्रायल किया गया।

## करनाल की चर्चित प्रजाति पर भारी पड़ी के-1910

डॉ. विजय यादव ने बताया कि विवि की नई प्रजाति के-1910 को करनाल की चर्चित प्रजाति केआरएल-283 और कानपुर की प्रजाति के-8434 के सापेक्ष आंका गया। के-1910 सबसे बेहतर मिली। नई प्रजाति में चेक के सापेक्ष 8.19 फीसदी अधिक उत्पादन मिला। के-1910 में 12 % प्रोटीन के अलावा 39.04 फीसदी आयरन और 40.08 फीसदी जिंक पीपीएम है।

### प्रमुख तथ्य

- प्रजाति का नाम - के-1910
- औसत उत्पादन- 40.06 कुंतल प्रति हे.
- प्रोटीन की मात्रा - 12 फीसदी
- आयरन की मात्रा - 39.04 फीसदी
- जिंक की मात्रा - 40.08 फीसदी
- फसल पकने का समय- 125-130 दिन
- चेक के सापेक्ष उत्पादन - 8.19 फीसदी अधिक

हिंदुस्तान 11/10/2024

# सीएसए में 24 व 25 को लगेगा किसान मेला

कानपुर। सीएसए में अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन 24 व 25 अक्तूबर को होगा। इसमें उत्कृष्ट बीज की बिक्री भी की जाएगी। विवि के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने मेले की तैयारी की समीक्षा करने के साथ विभिन्न विभाग के वैज्ञानिकों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है।

हिंदी दैनिक
रहस्य संदेश
-283 शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024 लखनऊ व एटा से प्रकाशित R.N.I. No.: UPHIN/2007/20715 पृष्ठ- 4

# अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का होगा भव्य आयोजन्-डॉ आनंद कुमार सिंह

रहस्य संदेश ब्यूरो

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का दो दिवसीय (दिनांक 24 से 25 अक्टूबर 2024) भव्य आयोजन किया जाएगा। कुलपति डॉक्टर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने 15 कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं एटिक के माध्यम से किसानों के खेतों तक नवीनतम कृषि तकनीकी पहुंचा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं, संगठनों एवं कृषि निवेश आपूर्तिकर्ताओं के साथ सहभागिता स्थापित कर कृषकों को नवीनतम तकनीकी दे रहा है। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय किसान मेले के माध्यम से कृषको एवं प्रसार कार्यकर्ताओं को कृषि शोध की नवीनतम तकनीकी, कृषि यंत्रों एवं पशु चिकित्सा विज्ञान की नवीनतम उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मेले में उत्पाद प्रदर्शित करने हेतु 120 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे। स्टालों पर कृषि विविधीकरण, कृषि निवेश, बीज उत्पादन, जैविक नियंत्रण, सागभाजी उत्पादन और कृषि अभियंत्रण, डेयरी प्रसंस्करण, बायोटेक्नोलॉजी, गृह विज्ञान, उर्वरक आदि से संबंधित जानकारी दी जाएगी मेले में श्री अन्न आधारित मूल्य संवर्धित विभिन्न उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। मेले के दौरान दोनों दिन कृषक गोष्ठी का आयोजन किसानों कृषि सम्बन्धी सामूहिक समस्याओं का निराकरण एवं विभिन्न विषयों पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान हेतु तकनीकी सत्र का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विगत वर्षों की भांति कृषक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेती में समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन,उत्पादन में गिरावट,मृदा स्वास्थ्य में कमी आदि है। निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों के किसानों की सहभागिता होगी।




राष्ट्रीय
सहारा
कानपुर • शुक्रवार • 11 अक्टूबर • 2024

# किसान मेला व कृषि उद्योग प्रदर्शनी 24 से

नपुर (एसएनबी)। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ापति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने वताया कि विश्वविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय ान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का दो दिवसीय आयोजन 24 व 25 अक्टूवर को ा जाएगा। कुलपति डॉ. सिंह ने वताया कि विश्वविद्यालय अपने 15 कृषि विज्ञान केन्द्रों एटिक के माध्यम से किसानों के खेतों तक नवीनतम कृषि तकनीकी मुहैया करा रहा इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं, संगठनों एवं कृषि निवेश आपूर्तिकर्ताओं के साथ ागिता स्थापित कर कृषकों को नवीनतम तकनीकी दे रहा है। उन्होंने वताया कि इस दो सीय किसान मेले के माध्यम से कृषकों एवं प्रसार कार्यकर्ताओं को कृषि शोध की नतम तकनीकी, कृषि यंत्रों एवं पशु चिकित्सा विज्ञान की नवीनतम उपलब्धियों के वारे ानकारी दी जाएगी। साथ ही कृषक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने वताया मेले में उत्पाद प्रदर्शित करने के लिये 120 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। स्टॉलों पर । विविधीकरण, कृषि निवेश, वीज उत्पादन, जैविक नियंत्रण, सागभाजी उत्पादन और । अभियंत्रण, डेयरी प्रसंस्करण, वायोटेक्नोलॉजी, गृह विज्ञान, उर्वरक आदि से संवंधित कारी दी जाएगी। मेले में अन्न आधारित मूल्य संवर्धित विभिन्न उत्पादों को भी प्रदर्शित ा जाएगा। निदेशक प्रसार डॉ. आरके यादव ने वताया कि मेले में प्रदेश के सभी जनपदों केसानों की सहभागिता होगी।

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष : 16 अंक : 102 कानपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य : 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वरूप

# अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग लगेगी प्रदर्शनी

कानपुर । सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय



किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का दो दिवसीय (24 से 25 अक्टूबर 2024) भव्य आयोजन किया जाएगा। कुलपति डॉक्टर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने 15 कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं एटिक के माध्यम से किसानों के खेतों तक नवीनतम कृषि तकनीकी पहुंचा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं, संगठनों एवं कृषि निवेश आपूर्तिकर्ताओं के साथ सहभागिता स्थापित कर कृषकों को नवीनतम तकनीकी दे रहा है। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय किसान मेले के माध्यम से कृषको एवं प्रसार कार्यकर्ताओं को कृषि शोध की नवीनतम तकनीकी, कृषि यंत्रों एवं पशु चिकित्सा विज्ञान की नवीनतम उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मेले में उत्पाद प्रदर्शित करने हेतु 120 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे। स्टालों पर कृषि विविधीकरण, कृषि निवेश, बीज उत्पादन, जैविक नियंत्रण, सागभाजी उत्पादन और कृषि अभियंत्रण, डेयरी प्रसंस्करण, बायोटेक्नोलॉजी, गृह विज्ञान, उर्वरक आदि से संबंधित जानकारी दी जाएगी मेले में श्री अन्न आधारित मूल्य संवर्धित विभिन्न उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। मेले के दौरान दोनों दिन कृषक गोष्ठी का आयोजन किसानों कृषि सम्बन्धी सामूहिक समस्याओं का निराकरण एवं विभिन्न विषयों पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान हेतु तकनीकी सत्र का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विगत वर्षों की भांति कृषक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेती में समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, उत्पादन में गिरावट, मृदा स्वास्थ्य में कमी आदि है। निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों के किसानों की सहभागिता होगी।

## पब्लिसिटी वैन के माध्यम से लोगो को किया गया जागरूक

कानपुर । सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी द्वारा पब्लिसिटी वैन के माध्यम से सड़कों पर हो रही दुर्घटना को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार किया गया। आपको बता दे कि 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2024 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत 9वें दिन प्रवर्तन विभाग के अधिकारी के द्वारा प्रचार वैन के माध्यम से लोगो को यातायात नियमो की जानकारी दी गई।

उत्तराखंड,मध्य-प्रदेश,उत्तर-प्रदेश,राजस्थान,बिहार,महाराष्ट,गुजरात,संघ प्रदेश,से एक साथ प्रसारित

हिन्दी दैनिक

RNI NO - UTTHIN/2018/76731

गांव देहात की खबर,शहर पर भी नजर

दि ग्राम टुडे

मौसम

अधि. 15 | सूर्योदय: 7:31

न्यून. 06 | सूर्यास्त: 5:27

शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024

वर्ष: 06 अंक: 296 | पेज: 08, मूल्य: 2 रूपये

Email : thegramtodayeditor@gmail.com

# अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का होगा भव्य आयोजन..डॉ आनंद कुमार सिंह

दि ग्राम टुडे , कानपुर ।

(संजय मौर्य) चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का दो दिवसीय (दिनांक 24 से 25 अक्टूबर 2024) भव्य आयोजन किया जाएगा। कुलपति डॉक्टर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने 15 कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं एटिक के माध्यम से किसानों के खेतों तक नवीनतम कृषि तकनीकी पहुंचा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं, संगठनों एवं कृषि निवेश आपूर्तिकताओं के साथ सहभागिता स्थापित कर कृषकों को नवीनतम तकनीकी दे रहा है। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय किसान मेले के माध्यम से कृषको एवं प्रसार कार्यकताओं को कृषि शोध की नवीनतम तकनीकी, कृषि यंत्रों एवं पशु चिकित्सा विज्ञान की नवीनतम उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मेले में उत्पाद प्रदर्शित करने हेतु 120 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे। स्टालों पर कृषि विविधीकरण, कृषि निवेश, बीज उत्पादन, जैविक नियंत्रण, सागभाजी उत्पादन और कृषि अभियंत्रण, डेयरी प्रसंस्करण, बायोटेक्नोलॉजी, गृह विज्ञान, उर्वरक आदि से संबंधित जानकारी दी जाएगी मेले में श्री अन्न आधारित मूल्य संवर्धित विभिन्न उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। मेले के दौरान दोनों दिन कृषक गोष्ठी का आयोजन किसानों कृषि सम्बन्धी सामूहिक समस्याओं का



निराकरण एवं विभिन्न विषयों पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान हेतु तकनीकी सत्र का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विगत वर्षों की भांति कृषक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेती में समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन,उत्पादन में गिरावट,मृदा स्वास्थ्य में कमी आदि है। निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों के किसानों की सहभागिता होगी।